भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4647

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

होशियारपुर में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का उन्नयन

†4647. डॉ. राज कुमार चब्बेवालः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को इस बात की जानकारी है कि पंजाब के होशियारपुर जैसे बड़े जिलों में, जहां ग्रामीण आबादी अधिक है, उन्नत सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच नहीं है, जिसके कारण रोगियों को देश के अन्य राज्यों में लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए बाध्य होना पड़ता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केन्द्र सरकार ने पंजाब राज्य में, विशेषकर दोआबा क्षेत्र में तृतीयक स्वास्थ्य परिचर्या अवसंरचना की पर्याप्तता का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का बढ़ती जनसंख्या, रोग बोझ और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में क्षेत्रीय असंतुलन को ध्यान में रखते हुए पंजाब में, विशेषकर होशियारपुर में एम्स की स्थापना करने या मौजूदा चिकित्सा संस्थानों का उन्नयन करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, पंजाब राज्य सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों की स्थापना/उन्नयन सहित जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली

के सुदृढ़ीकरण हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही अभिलेख (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करती है। विवरण सार्वजनिक डोमेन में निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं:

https://nhm.gov.in/index4.php?lang=1&level=0&linkid=57&lid=70

पंजाब राज्य सहित देश भर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्रों/अवसंरचना का विवरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) पर निम्नानुसार उपलब्ध है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

पीएम- एबीएचआईएम के सीएसएस घटक के अंतर्गत, वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए पीएम-एबीएचआईएम योजना के तहत पंजाब राज्य को 22 एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (आईपीएचएल) और 21 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों (सीसीबी) के लिए कुल 755.65 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और पंजाब राज्य में 22 आईपीएचएल और 22 सीसीबी की स्थापना के लिए 676.16 करोड़ रुपये की लागत से अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस योजना के तहत, जिला अस्पताल होशियारपुर के लिए एक (1) 50 बिस्तरों वाला सीसीबी और एक (1) आईपीएचएल को मंजूरी दी गई है।

15वें वित्त आयोग के स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान के तहत, योजना की अवधि अर्थात् वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के लिए कुल 2130.71 करोड़ रुपये के आवंटन में से पंजाब राज्य को 2129.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति 1222 भवन रहित एसएचसी-एएएम, 54 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी-एएएम), 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), 120 ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाइयां (बीपीएचयू), 442 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यू-एएएम) और 75 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एएएम का निर्माण के लिए दी गई है।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, जिसका उद्देश्य किफायती विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा सुविधा केंद्रों को बढ़ाना है। इस योजना के दो घटक हैं, अर्थात् (i) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना; और (ii) मौजूदा सरकारी चिकित्सा

महाविद्यालयों/संस्थानों (जीएमसीआई) का उन्नयन। अभी तक इस योजना के तहत विभिन्न चरणों में 22 नए एम्स (पंजाब के भटिंडा में एक नया एम्स स्थापित करना) और जीएमसीआई के उन्नयन की 75 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। एम्स की स्थापना में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, आपातकालीन विभाग, ब्लड बैंक, आईसीयू, नैदानिकी एवं पैथोलॉजी, अनुसंधान आदि शामिल हैं। पीएमएसएसवाई के तहत जीएमसीआई के उन्नयन में मुख्य रूप से सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) और/या ट्रॉमा सेंटर/या अन्य सुविधा केंद्रों का निर्माण और/या चिकित्सा उपकरणों का प्रापण शामिल है। पंजाब के लिए पीएमएसएसवाई के तहत स्वीकृत जीएमसीआई का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	जीएमसीआई का नाम	स्वीकृत अवसंरचना
1	सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक
2	सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक

इसके साथ ही, केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तहत, 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के अंतर्गत 157 मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 3 मेडिकल कॉलेज पंजाब राज्य में एसएएस नगर, कपूरथला और होशियारपुर में स्वीकृत की गई हैं।

******